प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक-15.02.2022

काले शीशे, काली फिल्म, बिना नम्बरी व बम्पर लगे अनाधिकृत वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान

दिनांक 12.02.2022 को श्रीमान् नवज्योति गोगोई पुलिस आयुक्त जोधपुर द्वारा यातायात शाखा के अधिकारियों के साथ शहर की यातायात व्यवस्था एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु एवं अपराधों में प्रयुक्त होने वाले सम्भावित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशो की पालना में श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात, श्री रविन्द्र बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम/प्रशासन, श्री नरेन्द्रकुमार ईणकिया सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व के नेतृत्व में आज दिनांक 15.02.2022 को यातायात शाखा के अनुसंधान अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित शीर्षकों में 165 वाहन चालको के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर 19 वाहन जब्त किये गये ।

1. रंगीन फिल्म/काले शीशे- 89
2. बिना नम्बरी वाहन- 09
3. जिन वाहनों के आगे-पीछे अनाधिकृत बम्पर लगे हुए होना- 28
4. तेज गति व खतरनाक तरीके से वाहन चलाने- 31
5. वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नम्बर अस्पष्ट होना- 04
6. अनाधिकृत फैन्सी नम्बर -04

ओर से

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

यातायात, जोधपुर